कार्यालय कुलसचिव,
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र).
राजा पंचम सिंह मार्ग, आकाशवाणी के पास, ग्वालियर (म.प्र) 474002

अनिल सक्सैना
कुलसचिव

Ph- : 0751–2970519 (O)
E-mail- registrar@rvskvv.net

क्र. / कु.स. / प्रशा. / अधि. / 2024–25 / 3715 दिनांक: 28/02/2025

## अधिसूचना

विश्वविद्यालय प्रमंडल की 55वीं बैठक दिनांक 05.02.2025 के पद क्रमांक 08 में लिये गये निर्णयानुसार विश्वविद्यालय अंतर्गत कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने हेतु वर्ष में निम्नानुसार दो कटऑफ तिथि निर्धारित कर प्रकरण उचित माध्यम से प्राप्त कर समयमान वेतनमान हेतु प्रक्रिया पूर्ण किये जाने का प्रमंडल द्वारा अनुमोदन किया गया –

1. **कटऑफ तिथि, 30 जून**– 01 जनवरी से 30 जून के बीच समयमान वेतनमान के लिए पात्र होने वाले कर्मचारी 01 जुलाई से 31 जुलाई तक आवेदन निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय प्रमुख के माध्यम से कर सकेंगे, जिनके आवेदन पर आगामी 03 माह में प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। किसी कर्मचारी की पात्रता तिथि और सेवानिवृत्ति आगामी छःमाही में होने की स्थिति में ऐसे कर्मचारी के समयमान वेतनमान प्रकरण पर इसी कटऑफ तिथि में विचार किया जा सकता है।
2. **कटऑफ तिथि, 31 दिसम्बर**– 01 जुलाई से 31 दिसम्बर के समयमान वेतनमान के लिए पात्र होने वाले कर्मचारी 01 जनवरी से 31 जनवरी तक आवेदन निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय प्रमुख के माध्यम से कर सकेंगे, जिनके आवेदन पर आगामी 03 माह में प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। किसी कर्मचारी की पात्रता तिथि और सेवानिवृत्ति आगामी छःमाही में होने की स्थिति में ऐसे कर्मचारी के समयमान वेतनमान प्रकरण पर इसी कटऑफ तिथि में विचार किया जा सकता है।

समयमान वेतनमान हेतु उक्तानुसार प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से लागू की जाती है।

**(माननीय कुलपतिजी द्वारा अनुमोदित)**

कुलसचिव

पृष्ठा. क्र. / प्रशा. / अधि. / 2024–25 / 3716 दिनांक: 28/02/2025

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. अधिष्ठाता कृषि संकाय, रा.वि.सि.कृ.वि.वि. ग्वालियर।
2. निदेशक अनुसंधान सेवाएं, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
3. निदेशक विस्तार सेवाएं, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
4. निदेशक शिक्षण एवं उपनिदेशक छात्र कल्याण, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
5. अधिष्ठाता, कृषि / उद्यानिकी महाविद्यालय, ग्वालियर, इंदौर, सिहोर, खंडवा, मंदसौर।
6. लेखानियंत्रक, रा.वि.सि.कृ.वि.वि. ग्वालियर।
7. प्रभारी कार्यपालन यंत्री, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
8. उप कुलसचिव (स्था. / शैक्ष.), रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
9. सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
10. सह संचालक एवं प्रभारी, समस्त कृषि अनुसंधान केन्द्र।
11. वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, समस्त कृषि विज्ञान केन्द्र।
12. पोर्टल प्रभारी, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर की ओर वि.वि. पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु।

कुलसचिव
रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. ग्वालियर